कार्यालय–जिला कार्यक्रम अधिकारी, लखीमपुर खीरी।

पत्र संख्या C-2723/जि0का0अधि0/बा0वि0परि0/विज्ञप्ति/2023–24, दिनांक 14 मार्च, 2024

विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या–19/2023 /3975/58–1–2022–2/1 (22)10टी. सी.। दिनांक 21 मार्च, 2023 में वर्णित व्यवस्थानुसार जनपद लखीमपुर खीरी के शहरी/ग्रामीण परिक्षेत्रों में संचालित बाल विकास परियोजना में आंगनबाड़ी कार्यकत्री के मानदेय पर आधारित रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु सीधी भर्ती प्रक्रिया के तहत विभागीय वेबसाइट http://upanganwadibharti.in पर ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आंगनवाड़ी कार्यकत्री के रिक्त पदों का वार्डवार/परियोजनावार विवरण निम्नवत् है:–

कम सं0	परियोजना का नाम	ग्रामीण/शहरी	रिक्त आंगनवाड़ी कार्यकत्री के पदों की संख्या
1	धौरहरा	ग्रामीण	14
2	शहर	शहरी	1
3	ईसानगर	ग्रामीण	16
4	बॉकेगंज	ग्रामीण	34
5	बेहजम	ग्रामीण	25
6	कुम्भी गोला	ग्रामीण	26
7	मोहम्मदी	ग्रामीण	14
8	बिजुआ	ग्रामीण/शहरी	25
9	मितौली	ग्रामीण	43
10	निघासन	ग्रामीण/शहरी	53
11	पलिया	ग्रामीण/शहरी	35
12	पसगवॉ	ग्रामीण	35
13	रमियाबेहड	ग्रामीण	12
14	फूलबेहड	ग्रामीण	34
15	नकहा	ग्रामीण	27
16	लखीमपुर ग्रामीण	ग्रामीण	21
	कुल योग–		415

उपरोक्त पदों का ग्रामसभा/वार्डवार विवरण एवं आरक्षण सहित अर्हता का पूर्ण विवरण जनपद के कलक्ट्रेट, विकास भवन, तहसील एवं विकास खण्ड इत्यादि कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई है साथ ही विभागीय वेबसाईट http://upanganwadibharti.in पर अपलोड है।

विज्ञप्ति पदों की अर्हता एवं आवेदन पत्र भरने हेतु विशेष निर्देशः–

1. विज्ञप्ति पदों हेतु केवल महिला अभ्यर्थी ही पात्र होंगे।
2. आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के रिक्त पद हेतु न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट एवं उसके समकक्ष होंगी।
3. आवेदिका को रिक्त पद के वार्ड/ग्रामसभा को स्थाई निवासी एवं ग्रामसभा में उक्त श्रेणी में पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध न होने की स्थिति में संबधित न्याय पंचायत की स्थाई निवासी होना अनिवार्य होगा।
4. आवेदिका की आयु निर्धारित कट ऑफ तिथि को न्यूनतम 18 वर्ष एवं 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।
5. विज्ञप्ति पदों हेतु केवल विभागीय वेबसाइट http://upanganwadibharti.in पर ऑनलाइन आवेदन पर फार्म निर्धारित समयावधि के अन्दर ही स्वीकार्य होंगे। ऑफलाइन आवेदन पत्र किसी भी दशा में मान्य/स्वीकार नहीं किये जायेंगे।
6. **विज्ञप्ति पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन दिनांक 15 मार्च, 2024 से दिनांक 04 अप्रैल, 2024 (अन्तिम तिथि) के मध्य रात्रि 12:00 बजे तक किया जा सकेगा**
7. उपरोक्त विज्ञप्ति पदों की अर्हता एवं आवेदन करने की प्रक्रिया सहित विस्तृत प्रपत्र एवं सूचना विभागीय वेबसाइट http://upanganwadibharti.in पर उपलब्ध है साथ ही अधिक जानकारी हेतु विकास खण्ड के बाल विकास परियोजना कार्यालय अथवा विकास भवन में जिला कार्यक्रम अधिकारी (बाल विकास विभाग) कार्यालय से कार्यालय दिवस में निर्धारित समयानुसार जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

भवदीय

14/3/2024

(भारत प्रसाद)
जिला कार्यक्रम अधिकारी
लखीमपुर खीरी।

CamScanner

पृष्ठांकन C-2723 /तददिनांक–

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेत सादर प्रेषित–

01– निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उ0प्र0, लखनऊ।

02– जिलाधिकारी महोदय, लखीमपुर खीरी।

03– मुख्य विकास अधिकारी, लखीमपुर खीरी।

04– समस्त उपजिलाधिकारी, लखीमपुर खीरी को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि विज्ञप्ति की प्रति तहसील कार्यालय के सूचना पट पर चस्पा कराने का कष्ट करें।

05– समस्त सदस्यगण चयन समिति, लखीमपुर खीरी।

06– समस्त खण्ड विकास अधिकारी, लखीमपुर खीरी को इस आशय से प्रेषित है कि विज्ञप्ति की प्रति विकास खण्ड कार्यालय के सूचना पट पर चस्पा कराने का कष्ट करें।

07– समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी/प्रभारी, लखीमपुर खीरी को इस निर्देश के साथ प्रेषित है कि सूचना/विज्ञप्ति को परियोजना कार्यालय के सूचना पट पर चस्पा करना सुनिश्चित करें।

08– जिला सूचना अधिकारी, लखीमपुर खीरी को इस आशय से प्रेषित है कि उक्त विज्ञापन/विज्ञप्ति को न्यूनतम स्पेस में शासकीय दरों पर दैनिक जागरण लखनऊ संस्करण एवं हिन्दुस्तान बरेली संस्करण समाचार पत्रों के अगले अंक में प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

3/2024

जिला कार्यक्रम अधिकारी
लखीमपुर खीरी।

CamScanner